| |
|---|
| दिनांक 23.05.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 24/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## उत्तर प्रदेश पुलिस एवं ब्रिटिश उच्चायोग के प्रतिनिधिमण्डल के मध्य बैठक का आयोजन

आज दिनॉकः 23.05.2023 को डा. आर.के. विश्वकर्मा , पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ स्थित सभागार में उत्तर प्रदेश पुलिस एवं ब्रिटिश उच्चायोग की Ms. Christina Scott CMG, British Deputy High Commissioner to India, की अध्यक्षता में आये प्रतिनिधिमण्डल के मध्य बैठक का आयोजन किया गया।

उक्त बैठक में ब्रिटिश उच्चायोग के सदस्यों Mr. Richard Barlow, Head Political and Bilateral Affairs (India), Ms. Natalia Leigh, Incoming Head Political and Bilateral Affairs, Ms. Bhavna Vij Senior Political Economy Advisor, Sri Vibhore Singh, Dy Head Defence and Security Exports. India सहित इस मुख्यालय से विशेष पुलिस महानिदेशक कानून–व्यवस्था/अपराध, विशेष पुलिस महानिदेशक साइवर क्राइम, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन, अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक, अपर पुलिस महानिदेशक एसटीएफ, अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ सहित अन्य अधिकारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया।

बैठक में उपस्थित ब्रिटिश उच्चायोग के प्रतिनिधिमण्डल द्वारा उ0प्र0 में बेहतर कानून–व्यवस्था की सराहना करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण से पुलिस प्रशिक्षण, यातायात प्रबन्धन, संगठित अपराधों पर नियन्त्रण आदि के सम्बन्ध में चर्चा कर उनके अनुभवों को साझा किया गया।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय द्वारा अपने उद्‌बोधन में निम्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विशेष बल दिया गया।

- पुलिस के कार्यों में आधुनिक एवं उच्च तकनीकों का प्रयोग।
- महिलाओं की सुरक्षा व साइबर/आर्थिक अपराध की रोकथाम।

- प्रशिक्षण में आधुनिक तकनीक, शस्त्र प्रशिक्षण एवं साफ्ट स्किल का प्रशिक्षण।
- फॉरेन्सिक इंस्टिट्यूट में साइबर लैब, AI लैब आदि आधुनिक तकनीकों का प्रयोग।
- अपराध एवं अफराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेन्स की नीति के तहत संगठित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा प्रतिनिधिमण्डल को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस सकारात्मक एवं सुरक्षित माहौल हेतु दृढ़ संकल्पित है।





**पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 महोदय के समक्ष पुलिस कार्यो में AI तकनीक का प्रयोग (The New Age Of AI Policing) के सम्बन्ध में किया गया प्रस्तुतिकरण**

आज दिनांक 23.05.2023 को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के समक्ष पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में पुलिस कार्यो में AI तकनीक का प्रयोग (The New Age Of AI Policing) पर Roboz-in के संस्थापक मिलिन्द राज द्वारा मॉडर्न पुलिसिंग, फायर फाइटिंग व रेस्क्यू ऑपरेशन्स के प्रयोग पर प्रस्तुतिकरण दिया गया तथा **फायर फाइटिंग ड्रोन के मॉक ड्रिल** का भी प्रदर्शन किया गया।

उक्त प्रस्तुतिकरण में उ0प्र0 को विश्व स्तरीय तकनीकी आधारित पुलिसिंग व्यवस्था बनाने हेतु आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स एवं रोबोटिक्स के प्रयोग सहित निम्न बिन्दुओ पर भी चर्चा की गयी।

- AI आधारित सिविल डिफेन्स सिस्टम
- दंगा रोधी तकनीक
- AI पुलिस थाने
- डिस्ट्रेस कॉल मैनेजमेन्ट सिस्टम
- विश्व स्तरीय ट्रैफिक व्यवस्था

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवाएं, पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण, पुलिस महानिदेशक दूरसंचार, विशेष पुलिस महानिदेशक कानून–व्यवस्था सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।


The New Age of A licing





## जनपद मीरजापुर/थाना कोतवाली शहर

- **25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 23.05.2023 को थाना कोतवाली शहर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–गुंगई उर्फ लक्ष्मण 2–लल्ली को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली शहर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली शहर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–गुंगई उर्फ लक्ष्मण निवासी तेन्दुआ कलां थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

2–लल्ली निवासी तेन्दुआ कलां थाना लालगंज जनपद मीरजापुर।

## जनपद बागपत/थाना कोतवाली बागपत

- **पुलिस कार्यवाही में 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 02 कार आदि बरामद**

दिनांक 23.05.2023 को थाना कोतवाली बागपत व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नैथला मोड़ के पास चेकिंग के दौरान बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में मुख्य आरक्षी विकास कुमार घायल हो गये, पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–जावेद 2–राजा अली घायल हो गये, जिन्हे अभियुक्त 3–फरमान 4–सलमान सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 कार आदि बरामद हुए। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त जावेद जनपद बागपत से वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली बागपत पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जावेद निवासी मुस्तफाबाद सेक्टर–07 नेहरू नगर थाना खजूरी उत्तर पूर्वी दिल्ली।
2–राजा अली निवासी मुस्तफाबाद थाना खजूरी उत्तर पूर्वी दिल्ली।
3–फरमान निवासी ओल्ड मुस्तफाबाद थाना दयालपुर दिल्ली।
4–सलमान निवासी ओल्ड मुस्तफाबाद थाना दयालपुर दिल्ली।

**बरामदगी**

1–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।
2–घटना में प्रयुक्त 02 कार आदि।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना छपार

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 10 लाख रूपये कीमत के चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण आदि**
- **25 हजार रूपये नगद**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 02 कार बरामद**

दिनांक 23.05.2023 को थाना छपार पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर तेजलहेडा चौराहा के पास से 03 अभियुक्तों 1–वीर विक्रम बहादुर सिंह 2–अनिल 3–इरशाद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 10 लाख रूपये कीमत के चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण आदि, 25 हजार रूपये नगद, 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 02 कार बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त गांव व कस्बो के बाहर बने घरों की रैकी कर चोरी की घटना कारित की जाती है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना छपार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–वीर विक्रम बहादुर सिंह निवासी नगरिया कलां थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली।

2–अनिल निवासी नगरिया कलां थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली।

3–इरशाद निवासी गडिया पैगमवरपुर थाना हजरतपुर जनपद बदायूँ।

**बरामदगी**

1–लगभग 10 लाख रूपये कीमत के चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण आदि।

2–25 हजार रूपये नगद।

3–03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

4–घटना में प्रयुक्त 02 कार।

**जनपद सोनभद्र/थाना कोतवाली रॉबर्टसगंज**

- **02 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार**
- **लगभग 81 लाख रूपये कीमत के 810 ग्राम हेरोईन बरामद**

दिनांक 23.05.2023 को थाना कोतवाली रॉबर्टसगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सन बीम स्कूल तिराहा ग्राम बिच्छी के पास से 02 मादक पदार्थ तस्करों 1–राजा 2–सूरज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 81 लाख रूपये कीमत के 810 ग्राम हेरोईन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली रॉबर्टसगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–राजा निवासी नई बस्ती थाना रॉबर्टसगंज जनपद सोनभद्र।

2–सूरज निवासी अम्बेडकर नगर थाना रॉबर्टसगंज जनपद सोनभद्र।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लगभग 81 लाख रूपये कीमत के 810 ग्राम हेरोईन।

- **<u>जनपद कौशाम्बी/थाना चरवा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को 20–20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व प्रत्येक को 29 हजार 500 रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद कौशाम्बी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय अपर सेशन न्यायाधीश/अति0 न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या–9 जनपद कौशाम्बी द्वारा थाना चरवा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376घ/452/323/504/506(2)/379/411 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त 1–कुलदीप 2–मनुपासी को 20–20 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को 29 हजार 500 रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बाराबंकी/थाना देवा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 30 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बाराबंकी पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) कोर्ट संख्या–44 जनपद बाराबंकी द्वारा थाना देवा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 376 भादवि व 5(ट), 5(ड)/6 के अन्तर्गत अभियुक्त रामगनेश को आजीवन कारावास व 30 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

———–